हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, मंगलवार 18 फरवरी 2025
बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

14 वैवाहिक वर्षगांठ पर नवाचारी शिक्षिका प्रतीक ने बच्चों ...

12 झेरिया यादव समाज ने शिक्षा व नशामुक्ति पर दिया जोर


## खबर संक्षेप

### अपर कलेक्टर गुड्डू लाल जगत और उनकी धर्मपत्नी ने किया मतदान



**बेमेतरा।** जिला मुख्यालय के समीप ग्राम गुनरबोड़ में अपर कलेक्टर गुड्डू लाल जगत ने अपनी धर्मपत्नी के साथ मतदान किया। दोनों ने स्थानीय मतदान केंद्र पर पहुंचकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी निभाई। श्री जगत ने कहा कि लोकतंत्र की नींव मजबूत करने के लिए हर व्यक्ति को अपने मत का प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने ग्रामवासियों से भी आग्रह किया कि वे अपने मताधिकार का सही उपयोग करें और उत्साहपूर्वक मतदान में हिस्सा लें।

### एडीएम डॉ. वाजपेयी सहित अन्य अधिकारियों ने किया मतदान



**बेमेतरा।** त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के अंतर्गत ग्राम गुनरबोड़ में शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित मतदान की प्रक्रिया संपन्न हुई। इस मौके पर प्रशासनिक अधिकारियों ने भी अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए आम जनता को अपने लोकतांत्रिक कर्तव्यों के प्रति प्रेरित किया। एडीएम डॉ. अनिल वाजपेयी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अंकिता गर्ग, और एसडीएम दिव्या पोटाई ने ग्राम गुनरबोड़ के मतदान केंद्र पर पहुँचकर लाइन में खड़े होकर अपने वोट डाले। उन्होंने चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए खुद मतदान प्रक्रिया में हिस्सा लिया और मतदाताओं से शांतिपूर्ण मतदान की अपील की। अधिकारियों ने मतदान केंद्र का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और चुनाव कार्यकर्ताओं से चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उप जिला निर्वाचन अधिकारी अंकिता गर्ग ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए हर मतदाता का योगदान आवश्यक है, और सभी को बिना किसी भय के अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। एसडीएम दिव्या पोटाई ने भी मतदाताओं से अपील की कि वे लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाएं और अपने अधिकार का उपयोग करें।

### नो पार्किंग में खड़े वाहनों पर पुलिस की कार्रवाई

**भिलाई।** ट्रैफिक पुलिस ने अभियान चलाकर सडक हादसों में कमी लाने और ट्रैफिक बाधित करने वाले नो पार्किंग में खडे वाहनो पर कार्रवाई किया है। एएसपी ऋचा मिश्रा ने बताया कि सिविक सेन्टर मार्केट, सूर्यामॉल चौक के आस पास चार पहिया वाहन सडक खडा करने वालों पर शिकंजा कसा गया है। वाहन यहां खडा करने से ट्रैफिक बुरी तरह बाधित हो जाया करता था। 48 वाहनो के टायरो में लॉक लगाया गया। इनके खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट की धारा नो पार्किंग के तहत कार्रवाई की गई। कुछ वाहन चालक को समझाईस भी दी गई है।

### धर्मांतरण को लेकर अमलेश्वर में बवाल

**भिलाई।** धर्मांतरण को लेकर बवाल होने का मामला सामने आ रहा है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची है। घटना में पुलिस ने 9 को हिरासत में लेकर पूछताछ किया जा रहा है। मिली जानकारी के मुताबिक शनिवार की दोपहर 3 बजे अमलेश्वर थाने में सूचना मिली थी कि एक मकान में घर में धर्मान्तरण किया जा रहा है। इसका विरोध करने के लिए बजरंग दल के कार्यकर्ता पहुंचे।





**चुनाव : जिले के दोनों जनपदों में कुल 219,688 मतदाताओं ने डाले वोट**

# ग्राम सरकार चुनने दिखा जबर्दस्त उत्साह, जिले के 71.10 प्रतिशत मतदाताओं ने किया मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के प्रथम चरण के अंतर्गत बेमेतरा जिले में शांतिपूर्ण और सफल मतदान का आयोजन हुआ। सुबह से ही मतदान केंद्रों पर मतदाताओं का उत्साह देखने को मिला। दोपहर 3 बजे तक जिले में 71.10 प्रतिशत मतदान हो चुका था। बेमेतरा और नवागढ़ जनपदों में ग्रामीण जनता ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी निभाई।

बेमेतरा जिले के दोनों जनपदों बेमेतरा और नवागढ़ में कुल मिलाकर 219,688 मतदाताओं ने मतदान किया, जिनमें से 111,208 पुरुष और 108,481 महिलाएं शामिल थीं। मतदान के प्रतिशत में कोई बड़ा अंतर नहीं देखने को मिला, जो यह दर्शाता है कि जिले में पुरुष और महिला दोनों ही वर्गों ने समान रूप से मतदान प्रक्रिया में भाग लिया। वहीं, पूरे मतदान के दौरान जिले भर में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनी रही। जिला प्रशासन द्वारा किए गए व्यापक इंतजामों और सुरक्षा बलों की तैनाती से मतदान प्रक्रिया निर्विघ्न और शांतिपूर्ण रही। किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली, जिससे जिले में लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न किया जा सका।




## ग्राम पंचायत मऊ खम्हरिया की रत्ना ने पहली बार किया मतदान

**बेमेतरा।** जिले की ग्राम पंचायत मऊ खम्हरिया की 18 वर्षीय रत्ना साहू ने अपने जीवन का पहला मतदान किया। यह उनके लिए एक ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण क्षण था, क्योंकि उन्होंने लोकतंत्र में अपनी पहली बार भागीदारी निभाते हुए अपने नागरिक कर्तव्य को निभाया। रत्ना ने अपना मतदान ग्राम पंचायत के मतदान केंद्र पर किया और लोकतंत्र के इस महत्वपूर्ण पर्व में हिस्सा लिया। 18 वर्ष की उम्र में रत्ना ने यह कदम उठाकर युवा पीढ़ी के लिए एक प्रेरणा का संदेश दिया है कि प्रत्येक नागरिक को अपने अधिकार का प्रयोग करना चाहिए। रत्ना ने अपनी इस पहली बार मतदान की प्रक्रिया को लेकर कहा, आज मुझे बहुत खुशी हो रही है कि मैं अपने देश के लोकतंत्र में पहली बार भाग ले रही हूं। यह मेरे लिए गर्व का क्षण है, और मैं सभी युवाओं से अनुरोध करती हूं कि वे अपने लोकतांत्रिक कर्तव्यों का पालन करें और मतदान करें। रत्ना ने कहा कि यह चुनाव सिर्फ उनके लिए नहीं, बल्कि पूरी युवा पीढ़ी के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है, जहां वे अपनी आवाज उठा सकते हैं और देश के विकास में योगदान कर सकते हैं। ग्राम पंचायत मऊ खम्हरिया में युवाओं में मतदान के प्रति उत्साह देखा गया। रत्ना के माता-पिता ने भी उनकी इस पहल पर गर्व महसूस किया और उन्हें शुभकामनाएं दीं।


कहा- लोकतंत्र में अपनी पहली बार भागीदारी निभाते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है

### बेमेतरा जनपद में 71.05 प्रतिशत मतदान

बेमेतरा जनपद में कुल 71.05 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया, जिसमें पुरुष मतदाताओं का प्रतिशत 71.23 और महिला मतदाताओं का प्रतिशत 70.86 रहा। इस जनपद में कुल 152,768 मतदाता थे, जिनमें से 108,536 मतदाताओं ने मतदान किया। पुरुष और महिलाएं दोनों ही समूहों में लगभग समान रूप से मतदान का उत्साह देखने को मिला, जिससे यह स्पष्ट होता है कि मतदाता अपने अधिकारों के प्रति जागरूक और उत्साहित हैं।

### नवागढ़ जनपद में 71.16 प्रतिशत मतदान

नवागढ़ जनपद में कुल 71.16 प्रतिशत मतदान हुआ। इस जनपद में पुरुष मतदाताओं का प्रतिशत 71.43% और महिला मतदाताओं का प्रतिशत 70.89 रहा। कुल 156,196 मतदाताओं में से 111,152 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। यहां भी मतदान के दौरान उत्साही और समर्पित मतदाताओं की उपस्थिति दर्ज की गई।

## ट्राइसाइकिल से बैजी मतदान केंद्र पहुंचे दिव्यांग फागुराम डाला वोट


कहा- मतदान करना मेरा अधिकार, मैं इसे नहीं छोड़ूंगा

**बेमेतरा।** त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव में मतदाताओं के उत्साह और जागरूकता का अनोखा उदाहरण उस समय देखने को मिला, जब बैजी गांव के 44 वर्षीय फागुराम ध्रुव ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। फागुराम ध्रुव, जो शारीरिक रूप से दिव्यांग हैं, अपने ट्राइसाइकिल से मतदान केंद्र पर पहुंचे और गर्व से मतदान किया। फागुराम ध्रुव की यह पहल दिखाती है कि लोकतंत्र में सभी मतदाताओं का योगदान महत्वपूर्ण है, चाहे वे किसी भी स्थिति में हों। जिला प्रशासन द्वारा विशेष रूप से दिव्यांगजनों के लिए व्हीलचेयर जैसी सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की गई थी, जिससे उनके जैसे मतदाता बिना किसी बाधा के मतदान कर सकें। श्री ध्रुव ने मतदान केंद्र पर आकर कहा, मैं हर चुनाव में वोट डालने आता हूं। ट्राइसाइकिल से आना मेरे लिए मुश्किल नहीं है, और जिला प्रशासन ने हमें सभी सुविधाएं प्रदान की हैं। मतदान हमारा अधिकार है और मैं इसे कभी नहीं छोड़ता। फागुराम ध्रुव का यह उत्साह और जिम्मेदारी निश्चित रूप से अन्य मतदाताओं को भी प्रेरित करेगा, और चुनाव में अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करेगा।

## खाद्य मंत्री दयालदास ने अपने गृहग्राम कुरा में किया मतदान



**बेमेतरा।** त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के पहले चरण में खाद्य मंत्री दयाल दास ने अपने सपरिवार के साथ कुरा गांव में मतदान किया। अपने गृह ग्राम में पहुंचकर उन्होंने लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लेकर नागरिक कर्तव्यों का निर्वहन किया और अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मंत्री दयालदास ने अपने परिवार के साथ स्थानीय मतदान केंद्र पर मतदान किया। उनके आगमन से ग्रामीणों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। दयाल दास ने इस अवसर पर कहा कि मतदान लोकतंत्र की नींव है, और हर नागरिक का यह कर्तव्य है कि वह अपने मताधिकार का प्रयोग करके देश के भविष्य निर्माण में योगदान दे। उन्होंने युवाओं और सभी मतदाताओं को मतदान में सक्रिय रूप से भाग लेने का संदेश भी दिया। खाद्य मंत्री के मतदान केंद्र पर आने से ग्रामवासियों में उत्साह का माहौल रहा। ग्रामीणों ने उन्हें मतदान केंद्र पर देखा और उनकी उपस्थिति से प्रभावित हुए। दयालदास का सपरिवार मतदान में भाग लेना ग्रामीणों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना। उनके साथ उनके परिवार के सदस्यों ने भी मतदान किया, जिससे लोकतांत्रिक प्रक्रिया के प्रति उनके समर्पण का संदेश पूरे क्षेत्र में गया।

## 98 वर्ष के थनवार ने डाला वोट



**बेमेतरा।** लोकतंत्र के प्रति निष्ठा और मतदान के प्रति जागरूकता का एक अनोखा उदाहरण ग्राम उघरा में देखने को मिला। यहां के निवासी 98 वर्षीय थनवर साहू ने अपने उम्र के इस पड़ाव में भी शासकीय प्राथमिक भवन उघरा स्थित मतदान केंद्र क्रमांक 222 पर पहुंचकर अपना मतदान किया। उनकी उम्र और परिस्थितियों के बावजूद मतदान के प्रति उनका उत्साह अन्य मतदाताओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बना। थनवर साहू का यह कदम दर्शाता है कि लोकतंत्र के प्रति जिम्मेदारी और मतदान का महत्व किसी उम्र या शारीरिक क्षमता से बंधा नहीं होता। उनका वोट डालने के लिए मतदान केंद्र तक पहुंचना इस बात का प्रमाण है कि हर नागरिक का योगदान चुनाव प्रक्रिया में महत्वपूर्ण है। उनकी इस सक्रियता ने न केवल युवाओं को, बल्कि हर आयु वर्ग के मतदाताओं को प्रेरित किया। थनवर साहू ने मतदान के बाद कहा कि मेरी उम्र चाहे कितनी भी हो, लेकिन देश और समाज के भविष्य को संवारने में मेरा कर्तव्य आज भी है। मतदान करना मेरा अधिकार है, और इसे निभाना मेरा फर्ज। उनका यह संदेश सभी के लिए एक प्रेरणा बन गया, खासकर उन लोगों के लिए जो मतदान के प्रति उदासीन रहते हैं या फिर मतदान में भाग लेने से कतराते हैं।

ग्राम उघरा के मतदान केंद्र पर थनवर साहू को प्रशासन और स्थानीय नागरिकों ने पूरा सहयोग प्रदान किया। उनके इस कदम की स्थानीय अधिकारियों ने सराहना की। थनवर साहू का मतदान केंद्र पर आना और मताधिकार का प्रयोग करना उन सभी मतदाताओं के लिए एक आदर्श बना, जो किसी भी कारण से मतदान में भाग नहीं लेने का मन बनाते हैं। उनका जज़्बा और उत्साह हर नागरिक के लिए एक प्रेरणा की मिसाल बना रहेगा।

## ग्राम पंचायत जेवरी व पथर्रा में शांतिपूर्ण तरीके से हुआ मतदान



**बेमेतरा।** जिले में त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव का पहला चरण शांति और सुव्यवस्था के बीच संपन्न हुआ। इस क्रम में संवेदनशील मतदान केंद्र के रूप में चिन्हित ग्राम पंचायत जेवरी और पथर्रा में भी शांतिपूर्ण रूप से मतदान प्रक्रिया पूरी हुई। जिला प्रशासन द्वारा इन क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतते हुए मतदान के लिए व्यापक इंतजाम किए गए थे।

■ की गई थी अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती

प्रशासन ने इन क्षेत्रों में किसी भी अप्रिय घटना की संभावना को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। मतदान केंद्रों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी और विशेष निगरानी दल द्वारा पूरी मतदान प्रक्रिया की देखरेख गई। जिला प्रशासन ने मतदाताओं की सुविधाओं का ध्यान रखते हुए मतदान केंद्रों पर पानी, छाया, और बुजुर्गों तथा दिव्यांगों के लिए सहायता की भी उचित व्यवस्था की गई थी। ग्राम पंचायत जेवरी और पथर्रा में मतदाताओं के बीच मतदान को लेकर जबरदस्त उत्साह देखा गया। सुबह से ही लोगों ने लंबी कतारों में खड़े होकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। युवा, बुजुर्ग, महिलाएं और दिव्यांगों ने भी इस लोकतांत्रिक प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। ग्राम पंचायत जेवरी के मतदान केंद्र के प्रभारी ने बताया कि अब तक मतदान शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से हुई और किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। पथर्रा के केंद्र प्रभारी ने भी कहा कि मतदाताओं ने पूरी जागरूकता और जिम्मेदारी से मतदान किया।

**निर्वाचन प्रक्रिया को लेकर दिए दिशानिर्देश**

# कलेक्टर शर्मा ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

बेमेतरा और नवागढ़ ब्लॉक में त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के अंतर्गत प्रथम चरण का चुनाव प्रक्रिया के दौरान, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने जिले के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया और चुनाव व्यवस्था को लेकर अधिकारियों से जरूरी निर्देश दिए। कलेक्टर ने ग्राम पंचायत ढोलिया, चारभाटा, अंधीयारखोर और नवागढ़ के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतदान केंद्रों पर सुरक्षा, स्वच्छता, मतदान की प्रक्रिया और अन्य व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी अंकिता गर्ग, एडीएम अनिल वाजपेयी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर रणबीर शर्मा के द्वारा किए गए निरीक्षण के दौरान, उन्होंने चुनाव की प्रक्रिया को शांतिपूर्वक और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान किसी भी मतदाता को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। साथ ही, उन्होंने सेक्टर अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि मतदान केंद्रों पर पर्याप्त मतदान सुविधाएं उपलब्ध रहें और किसी भी प्रकार की व्यवधान की स्थिति उत्पन्न न हो। कलेक्टर ने अपने दौरे के दौरान विभिन्न मतदान केंद्रों पर मौजूद मतदान अधिकारियों से मतदान प्रक्रिया की स्थिति के बारे में जानकारी ली। इसके साथ ही, उन्होंने मतदाताओं से भी संवाद किया और उनकी समस्याओं के बारे में पूछा। कलेक्टर ने यह भी सुनिश्चित किया कि मतदाता कतार में खड़े होकर शांतिपूर्वक मतदान करें और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो। उन्होंने चुनाव कर्मचारियों से कहा कि वे मतदान प्रक्रिया के दौरान पूरी सतर्कता और ईमानदारी से काम करें ताकि चुनाव निष्पक्ष और शांतिपूर्वक संपन्न हो।



इसी दौरान, कलेक्टर ने मतदान केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। उन्होंने पुलिस अधिकारियों से भी बातचीत की और मतदान केंद्रों की सुरक्षा पर जोर दिया। कलेक्टर ने कहा कि चुनाव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए सभी जरूरी कदम उठाए गए हैं, ताकि मतदाता बिना किसी भय के मतदान कर सकें और चुनाव प्रक्रिया में कोई अव्यवस्था न हो।

### मतदान दलों का बढ़ाया हौसला

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने मतदान एजेंटों से भी बातचीत की और उन्हें शांति से चुनाव कराने का संदेश दिया। उन्होंने मतदान एजेंटों को इस बात की हिदायत दी कि वे अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव प्रक्रिया को सुनिश्चित करें। इस दौरान उन्होंने ने चुनाव कार्य में लगे सभी कर्मचारियों का हौसला बढ़ाया और उन्हें प्रेरित किया कि वे अपने कर्तव्यों को पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी से निभाएं। कलेक्टर ने कहा कि यह चुनाव लोकतंत्र की एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है और हमें इसे पूरी ईमानदारी से संपन्न करना है। उन्होंने कहा, हमारा मुख्य उद्देश्य यह है कि इस चुनाव में हर मतदाता बिना किसी परेशानी के अपना मतदान कर सके और चुनाव पूरी तरह से निष्पक्ष और शांति से संपन्न हो।

पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411

